रजिस्ट्री सं. डी. एल.—33001/97 REGISTERED NO. DL-33001/97

CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY
GOVT. OF INDIA

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 25] नई दिल्ली, शनिवार, जून 21, 1997/ज्येष्ठ 31, 1919
No. 25] NEW DELHI, SATURDAY, JUNE 21, 1997/JYAISTHA 31, 1919

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय अधिकारियों (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किये गये साधारण सांविधिक नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उपनियम आदि सम्मिलित हैं)

General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws etc. of a general Character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)

गृह मंत्रालय

शुद्धि-पत्र

नई दिल्ली, 10 जून, 1997

सा. का. नि 257:—पूर्वोत्तर परिषद् सचिवालय, शिलांग (समूह "क" पद) भर्ती नियम 1983 के संबंध में भारत के राजपत्र के भाग II, खण्ड 3, उपखण्ड (i) में 5 अक्तूबर, 1996 को प्रकाशित भारत सरकार, गृह मंत्रालय की अधिसूचना संख्या: सा का. नि. 516, दिनांक 17 सितम्बर, 1996 के अंग्रजी/हिन्दी पाठ में -

"(1) प्रारंभिक पैराग्राफ में समूह 'क' पद भर्ती नियम, 1984" को "(समूह 'क' पद) भर्ती नियम, 1983" पढ़ा जाए।

(2) नियम 1(1) की पंक्ति 2 में "समूह 'क' को "समूह" 'क' पद) पढ़ा जाए,

(3) नियम 2 की पंक्ति में "समूह 'क' भर्ती नियम, 1984" को "(समूह 'क' पद) भर्ती नियम 1983" पढ़ा जाए;

(4) अनुसूची में "विस्तार अधिकारी (भूकम्प विज्ञान)" को "3. विस्तार अधिकारी (भूकम्प विज्ञान)" पढ़ा जाए;

(5) विस्तार अधिकारी (भूकम्प विज्ञान) के पद तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों से संबंधित क्रम संख्या 3 के बाद, निम्नलिखित पढ़ा जाए :—

"टिप्पणी :—प्रधान नियम भारत के राजपत्र में दिनांक 30 जून, 1984 के सा. का. नि. 642 द्वारा प्रकाशित किए गए थे।"

[फा. सं. 4/13/95—एन. ई. —II]
डी. एस. पूनिया, निदेशक (एन. ई.)

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

CORRIGENDUM

New Delhi, the 10th June, 1997

G.S.R. 257.—In the English|Hindi version of the notification of the Government of India in the Ministry of Home Affairs number G.S.R. 516 dated the 17th September, 1996, published in Part II, Section 3, Sub-section (i) of the Gazette of India, dated, the 5th October, 1996 regarding the North Eastern Council Secretariat, Shillong (Group 'A' posts) Recruitment Rules, 1983 :—

(i) in the opening paragraph "Group 'A. posts Recruitment Rules, 1984," may be read as "(Group 'A' posts) Recruitment Rules, 1983";

(ii) "Group 'A'" appearing in line 2 of rule 1 (1) may be read as "Group 'A' posts)"

(iii) "Group 'A' Recruitment Rules, 1984" appearing in line 2 of rule 2 may be read as "(Group 'A' posts) Recruitment Rules, 1983";

(iv) in the Schedule "Extension Officer (Seismology)" may be read as "3. Extension Officer (Seismology" ;

(v) after serial number 3 relating to the post of Extension Officer (Seismology) and the entries relating thereto, read :—

"Note :—The principal rules were published in the Gazette of India vide number G.S.R. 642, dated, the 30th June, 1984".

[F. No. 4|13|95-NE-II]
D. S. POONIA, Director (NE)

शुद्धि-पत्र

नई दिल्ली, 10 जून, 1997

सा. का. नि. 258 :—पूर्वोत्तर परिषद सचिवालय, शिलांग (वर्ग "ग" और वर्ग "घ" पद) भर्ती नियम, 1983 के संबंध में भारत सरकार के राजपत्र के भाग II खण्ड 3, उपखण्ड (i) में दिनांक 21-9-1996 को प्रकाशित भारत सरकार के गृह मंत्रालय के दिनांक 4-9-1996 के सा. का. नि. 391 की अधिसूचना के अंग्रेजी/हिन्दी पाठ में:

क्रम संख्या 9 के बाद जो दफ्तरी के पद और उनसे संबंधित प्रविष्टियों के बारे में है, इस प्रकार पढ़ा जाए :

"नोट :—मुख्य नियम, दिनांक 26-11-1983 के सा. का. नि. 962 द्वारा भारत के राजपत्र में प्रकाशित किए गए थे।"

[फा. सं. 4/11/96—एन. ई.-II]
डी. एस. पूनिया, निदेशक (एन. ई.)

CORRIGENDUM

New Delhi, the 10th June, 1997

G.S.R. 258.—In the English|Hindi version of the notification of the Government of India in the Ministry of Home Affairs number G.S.R. 391 dated the 4-9-1996, published in Part II, Section 3, Sub-section (i) of the Gazette of India, dated 21-9-1996 regarding the North Eastern Council Secretariat, Shillong (Group 'C' and Group 'D' posts) Recruitment Rules, 1983 :—

after serial number 9 relating to the post of Daftry and the entries thereto read :

"Note.—The principal rules were published in the Gazette of India vide number G.S.R. 962 dated the 26th November, 1983."

[F. No. 4|11|96-NEII]
D. S. POONIA, Director (NE)

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

नई दिल्ली, 2 जून, 1997

सा.का.नि. 259.—राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त निदेशक (परीक्षा सुधार) भर्ती नियम, 1989 का संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त निदेशक (परीक्षा सुधार) भर्ती संशोधन नियम, 1997 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त निदेशक (परीक्षा सुधार) भर्ती नियम, 1989 की अनुसूची के स्थान पर निम्नलिखित अनुसूची रखी जायगी अर्थात् :—

टिप्पण :—मूल नियम भारत के राजपत्र भाग 2, खण्ड 3, उपखंड (i) तारीख 8-4-89 में सा.का.नि.सं. 246 के अधीन प्रकाशित किये गये थे।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिये आयु सीमा	सेवा में जोड़े गये वर्षों का फायदा केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के नियम 30 के अधीन अनुज्ञेय है या नहीं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
संयुक्त निदेशक (परीक्षा सुधार)	एक* (1997) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह "क" राजपत्रित अननुसचिवीय	3700-125 4700-150 5000 रु	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

सीधे भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिये शैक्षिक अपेक्षित और अन्य अर्हताएं	सीधे भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिये विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि यदि कोई हो
(8)	(9)	(10)
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

भर्ती की पद्धति/भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जायगा
(11)	(12)
प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण (जिसमें अल्पकालिक संविदा भी है)	प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण (जिसमें अल्पकालिक संविदा भी है) केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों/विश्वविद्यालयों/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थाओं/स्वशासी संगठनों के अधीन ऐसे अधिकारी :— (क) (1) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किये हुए हैं; या (2) जिन्होंने 3000–4500 रु. के या समतुल्य वेतनमान में के पद पर पांच वर्ष नियमित सेवा की है; या (3) जिन्होंने 2200–4000 रु. के या समतुल्य वेतनमान में के पद पर दस वर्ष नियमित सेवा की है; और (ख) जिनके पास निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव है, (2) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से मास्टर की डिग्री या समतुल्य। (1) आठ वर्षों का अध्ययन/अनुसंधान का अनुभव जिसमें परीक्षा सुधार/प्रश्न बैंकों का विकास/परीक्षा से संबंधित कार्य का अनुभव सम्मिलित है। (प्रतिनियुक्ति की अवधि जिसके अन्तर्गत केन्द्रीय सकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण (जिसके अल्पकालिक संविदा भी है), द्वारा नियुक्ति के लिये अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी)।

यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जायगा
(13)	(14)
लागू नहीं होता	संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक है।

सं. 24012/1/93-स्था. (ख)

श्रीमती भवानी त्यागराजन, निदेशक (जे सी ए)

MINISTRY OF PERSONNEL, P. G. AND PENSION

(Department of Personnel and Training)

New Delhi, the 2nd June, 1997

G.S.R. 259.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules to amend the Staff Selection Commission, Joint Director (Examination Reforms) Recruitment Rules 1989, namely:—

(1) These rules may be called the Staff Selection Commission, Joint Director (Examination Reforms) Recruitment Amendment, Rules, 1997.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. For the schedule to the Staff Selection Commission, Joint Director (Examination Reforms) Recruitment Rules, 1989, the following schedule shall be substituted, namely:—

Note : Principal Rules were published vide notification G.S.R. No. 246 Gazette of India Part II, Section 3, Sub-section (i) dated 8-4-1989.

SCHEDULE

Name of post	No. of posts	Classification	Scale of pay	Whether selection or non-selection post
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
Joint Director (Examination Reforms)	One* (1997)	General Central Service, Group 'A', Gazetted, Non-Ministerial	Rs. 3700-125-4700-150-5000	Not applicable

*Subject to variation dependent on work-load

Age limit for direct recruits	Whether benefit of added years of service admissible under rule 30 of the Central Civil Services (Pension) Rules, 1972.	Educational and other qualifications required for direct recruits
(6)	(7)	(8)
Not applicable	Not applicable	Not applicable

Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	Period of Probation	Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/transfer and percentage of vacancies to be filled by various methods.
(9)	(10)	(11)
Not applicable	Not applicable	Transfer on Deputation (including short-term contract)

In case of recruitment by promotion /deputation/transfer, grades from which promotion/deputation/transfer to be made.	If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition ?	Circumstances in which the Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment
(12)	(13)	(14)
Transfer on Deputation (including short-term contract)	Not applicable	Consultation with Union Public Service Commission if necessary

12

Officers under the Central/State Governments Union Territories/Universities/Recognised Research Institutons/ Autonomous Organisations :	
(a)(i) Holding analogous posts on regular basis on;	
(ii) With five years regular service in posts in the scale of Rs. 3000-4500 or equivalent; or	
(iii) Ten Years' regular service in a post in the scale of Rs. 2200-4000, or equivalent; and	
(b) Possessing the following educational qualifications and experience;	
(i) Masters Degree from a recognised University or equivalent.	
(ii) Eight years teaching/research experience including experience in the examination reforms/development of question banks/examination related work.	
(Period of deputation including period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment/in the same or some other Organisation/ department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years. The maximum age limit for appointment by transfer on deputation (including short term contract) shall be not exceeding 56 years as on the closing date of receipt of applications).	

[No. 34012/1/93-Estt. (B)]
SMT. BHAVANI THYAGRAJAN, Director (JCA)

उद्योग मंत्रालय

(औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग)

नई दिल्ली, 12 जून, 1997

सा.का.नि. 260.— राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और लेखा अधिकारी (खादी और ग्राम उद्योग, वाणिज्य मंत्रालय,), भर्ती नियम, 1968 को, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, उद्योग मंत्रालय, औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग में लेखा अधिकारी के पद पर भर्ती पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात :

(1) संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम उद्योग मंत्रालय, औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग लेखा अधिकारी भर्ती नियम, 1996 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

(2) पद-संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान : उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उसका वेतनमान वह होगा, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ (2) से स्तम्भ 4 में विनिर्दिष्ट हैं।

(3) भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा और अर्हताएं आदि : उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से स्तम्भ 14 में विनिर्दिष्ट हैं।

(4) निरर्हता : वह व्यक्ति:—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है ;

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

(5) शिथिल करने की शक्ति : जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण है उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

(6) व्यावृत्ति : इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिकों, पिछड़े वर्गों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है ।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद अथवा अचयन पद	सेवा में जोड़े गए वर्षों का फायदा केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के नियम 30 के अधीन अनुज्ञेय है या नहीं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु सीमा
1	2	3	4	5	6	7
लेखा अधिकारी	*1 (1996) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह 'ख', राजपत्रित अननुसचिवीय	2375-75-3200 द.रो.-100-3500 रु.	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो
8	9	10
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

भर्ती की पद्धति : सीधे भर्ती होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाएगा
11	12
प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण/स्थानान्तरण	प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण/स्थानान्तरण केन्द्रीय सरकार के अधीन ऐसे अधिकारी (क) 1. जो नियमित आधार पर सादृश पद धारण किए हुए हैं; या 2. जिन्होंने 1640-2900 रुपये या समतुल्य वेतनमान वाले पदों पर पांच वर्ष नियमित सेवा की है; और (ख) जिनके पास निम्नलिखित में से कोई एक अर्हता हो; 1. केन्द्रीय सरकार के किसी संगठित लेखा विभाग द्वारा संचालित एस. एस. या समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण की है। 2. सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबन्ध संस्थान में रोकड़ और लेखा कार्य में प्रशिक्षण या समतुल्य सफलतापूर्वक पूरा किया है; और रोकड़, लेखा और बजट कार्य में दो वर्ष का अनुभव । (प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर-बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी । प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण/स्थानान्तरण द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी)।

यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा ।
13	14
लागू नहीं होता	संघ लोक सेवा आयोग से उस समय परामर्श करना आवश्यक है, जब स्थानान्तरण के आधार पर नियुक्ति के लिए केन्द्रीय सरकार का अधिकारी, अन्य अधिकारियों के साथ विचार-क्षेत्र के अंतर्गत आता है :

(सं. ए-12018/1/94-ई 1
एस. गणपति, अवर सचिव

MINISTRY OF INDUSTRY

(Department of Industrial Policy and Promotion)

New Delhi, the 12th June, 1997

G.S.R. 260.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in supersession of the Ministry of Industry, Department of Industrial Policy and Promotion, Accounts Officer Recruitment Rules, 1996, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Accounts Officer in the Ministry of Industry, Department of Industrial Policy and Promotion, namely :—

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Ministry of Industry (Department of Industrial Policy and Promotion) Accounts Officer Group 'B' post Recruitment Rules, 1997.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Number of post, classification and scale of pay.—The number of post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule annexed to these rules.

3. Method of recruitment, age limit and qualifications, etc.—The method of recruitment to the said post, age limit, qualificaions and other matters relating there to shall be as specified in columns 5 to 14 of the said Schedule.

4. Disqualification.—No person,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post :

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax.—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may by order, for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. Saving.—Nothing in these rules shall effect reservations, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, ex-servicemen, backward classes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of post	Number of post	Classification	Scale of pay
1	2	3	4
Accounts Officer	1* (1997) *Subject to variation dependent on workload.	General Central Service, Group 'B' Gazetted, Non-Ministerial.	Rs. 2375-75-3200-EB-100-3500.

Whether selection post or non-selection post	Whether benefit of added years of service admissible under rule 30 of the Central Civil Services (Pension) Rules, 1972	Age limit for direct recruits	Educational and other qualifications required for direct recruits
5	6	7.	8
Not applicable.	Not applicable.	Not applicable.	Not applicable.

Whether age and essential qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	Period of probation if any	Method of recruitment whether by direct recruitment—or by promotion or by deputation/transfer and percentage of the vacancies to be filled by various methods
9	10	11
Not applicable.	Nil	Promotion /transfer on deputation.

In case of recruitment by promotion/deputation/transfer, grades from which promotion/deputation/transfer to be made	If a Departmental Promotion Committee exists what is its compositions?	Circumstances in which Union Public Service Commission to be consulted in making recruitments
12	13	14
Promotion/transfer on deputation : I. Officers under the Central Government :— (a) (i) holding analogous posts on regular basis. or (ii) with five years' regular service in post in the pay scale of Rs. 1640-2900 or equivalent; and (b) Possessing any one of the following qualifications— (i) a pass in the Subordinate Accounts Service or equivalent examination conducted by any of the organised accounts Departments of the Central Government; (2) Succesful completion of training in the cash and accounts work from Institute of Secretariat Training and Management or equivalent and two years experience in cash, accounts and budget work. II. The Departmental Senior Accountants with five years' regular service in the grade will also be considered alongwith outsiders and in case he is selected for appointment to the post, the same shall be deemed to have been filled by promotion. Note.—The Departmental Officers in the feeder category who are in the direct line of promotion shall not be eligible for consideration for appointment on deputation. Similarly deputationists shall not be eligible for consideration for appointment by promotion. (Period of deputation including period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceeding this appointment in the same or some other Organisation or Department of the Central Government, shall ordinarily not exceed three years. The maximum age limit for appointment by transfer on depntation shall be not exceeding 56 years as on closing date of receipt of appliction).	Not applicable.	Consultation with Union Public Service Commission necessary.

[No.A-12018/1/96-B.I.
N. GANPATHI, Under Secy.

कृषि मंत्रालय

(पशुपालन एवं डेयरी विभाग)

नई दिल्ली, 15 मई, 1997

सा.का.नि. 261—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कृषि मंत्रालय, पशु पालन विभाग के यादृच्छिक नमूना कुक्कुट निष्पादन परीक्षण केन्द्र, हैस्सरघट्टा, बंगलौर में विभिन्न ग्रुप "घ" पदों की भर्ती की पद्धति को विनियमित करने के लिये एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ :—

(1) ये नियम यादृच्छिक नमूना कुक्कुट निष्पादन परीक्षण केन्द्र (ग्रुप "घ") भर्ती नियम, 1995 कहलाएंगे।

2. ये सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

पदों की संख्या, वर्गीकरण तथा वेतनमान :—उक्त पद की संख्या-चौकीदार (वाचमैन)–2, चपरासी–1 तथा सफाई वाला–1 है परन्तु कार्यभार के आधार पर परिवर्तन के अधीन है। इनका वर्गीकरण तथा वेतनमान वह होगा जो आर.एस.एफ.पी. एंड डी. (ग्रुप "ग" तथा "घ") भर्ती नियम-1995 के उपाबद्ध अनुसूची के कालम–3 तथा 4 में विनिर्दिष्ट हैं। जहां तक इन पदों का संबंध है, ये दिनांक 10–4–1995 के सं. 37–2/94–एल. 11/ए-3 के अन्तर्गत अधिसूचित किये गये हैं।

3. भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हतायें आदि :—उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हतायें तथा उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो दिनांक 10-4-96 की अधिसूचना सं. 37–2/94–एल.डी. II/ए. III के अन्तर्गत प्रकाशित आर.एस.पी. एंड डी. भर्ती नियम के कालम 5 से 13 में विनिर्दिष्ट हैं।

(2) यदि विभागीय प्रोन्नति समिति विद्यमान है तो इसकी संरचना क्या है।

1. अधीक्षक, आर.एस.पी.पी.टी.सी.—अध्यक्ष

2. सहायक निदेशक, सी.पी.बी.एफ.—सदस्य

3. बाहरी कार्यालय से एक राजपत्रित—सदस्य अधिकारी (अनुसूचित जाति)

निर्हतायें :—वह व्यक्ति

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी अन्य व्यक्ति से विवाह किया है, उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिये अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. शिथिल करने की शक्ति :—जहां केन्द्रीय सरकार की राय यह है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिये जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके इन नियमों के किसी उपबन्ध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. व्यावृत्ति :—इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिये उपबंध करना अपेक्षित है।

[सं. 31–7/95–प्रशासन–III]

एच.के. जगोता, अवर सचिव

MINISTRY OF AGRICULTURE

(Department of Animal Husbandry & Dairying)

New Delhi, the 15th May, 1997

G.S.R. 261.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to various Group 'D' posts in the Random Sample Poultry Performance Testing Centre, Hessarghatta, Bangalore in the Ministry of Agriculture, Department of Animal Husbandry & Dairying, namely:—

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Randon Sample Poultry Performance Testing Centre (Group 'D' posts) Recruitment Rules, 1995.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Number of posts, classification and scale of pay.—The number of the said post is Chowkidar (Watchman)—2 (two) Peon—1 one and Safaiwala-1 (one) but subject to variation depending upon the work load, their classification and scale of pay attached therewith shall be as specified in the columns 3 & 4 of the Schedule annexed to the RSFP&D (Group 'C' & 'D' posts) Recruitment Rules, 1995 so far as these posts are concerned notified vide No. 37-2|94-ID.II|A.III dated 10-4-1996.

3. (1) Method of Recruitment, age-limit, qualification etc.—The method of recruitment

to the said post, age-limit, qualification and other matters relating thereto shall be as specified in column 5 to 13 of the Schedule attached to the RSFP&D, Recruitment Rules, 1995 published vide Notification No. 37-2|94-L.D.II A.III dated 10-4-1996.

(2) If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition:—

1. Superintendent, RSPPTC—Chairman.
2. The Asstt. Director, CPBF—Member.
3. A Gazetted Officer (SC) from outside office—Member.

Disqualification.—No person,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person, shall be eligible for appointment to the said posts :

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax.—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may by order, and for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. Saving.—Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Ex-Servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

[No. 31-7|95-Admn. III]
H. K. JAGOTA, Under Secy.

(कृषि एवं सहकारिता विभाग)

नई दिल्ली, 5 जून, 1997

सा.का.नि. 262:—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, समाकलित मात्स्यिकी परियोजना (वर्ग 3) भर्ती नियम, 1973 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम एकीकृत मत्स्य परियोजना समूह 'ग' भर्ती (संशोधन) नियम, 1997 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. समाकलित मात्स्यिकी परियोजना (वर्ग 3) भर्ती नियम, 1973 में

(i) "(वर्ग 3)" कोष्ठक, शब्द और अंक के स्थान पर (समूह 'ग') कोष्ठक, शब्द और अक्षर रखे जायेंगे,

(ii) अनुसूची में कनिष्ठ आशुलिपिक के पद से संबंधित क्रम संख्या 16 के सामने स्तम्भ 2 में की विद्यमान प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टियां रखी जायेंगी, अर्थात् :—

"5(1997)

कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।"

(iii) अनुसूची में, कनिष्ठ आशुलिपिक के पद से संबंधित क्रम संख्यांक 16 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित क्रमसंख्यांक और प्रविष्टियां अंत:स्थापित की जाएंगी, अर्थात् :—

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा	सेवा में जोड़े गए वर्षों का फायदा अनुज्ञेय है या नहीं
1	2	3	4	5	6	7
16—के आशुलिपिक श्रेणी–II	1* (1997) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग' अराजपत्रित, अनुसचिवीय	1400-40-1600-50-2300 द.रो.-60-2600 रु.	अचयन	लागू नहीं होता	नहीं

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं/ प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि यदि कोई हो
8	9	10
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वह श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाएगा
11	12
प्रोन्नति द्वारा	प्रोन्नति ऐसा कनिष्ठ आशुलिपिक जिसने उस श्रेणी में पांच वर्ष नियमित सेवा की है ।

यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
13	14
समूह 'ग' विभागीय प्रोन्नति समिति : 1. निदेशक, एकीकृत मत्स्य परियोजना, जो नियुक्ति प्राधिकारी है —अध्यक्ष 2. उप निदेशक (प्रयोगात्मक मात्स्यिकी), एकीकृत मत्स्य परियोजना, कोची —सदस्य 3. ज्येष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, केन्द्रीय मीन उद्योग नाविक और इंजीनियरी प्रशिक्षण संस्थान, कोची —सदस्य 4 लेखा अधिकारी, एकीकृत मत्स्य परियोजना, कोची —सदस्य 5. एकीकृत मत्स्य परियोजना, कोची का अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का समूह 'क' हैसियत का एक अधिकारी —सदस्य	लागू नहीं होता

[फा. सं. 5-11/96-एफ वाई (प्रशासन)]
के. पी. मल्होत्रा, अवर सचिव

(Department of Agriculture and Cooperation)

New Delhi, the 5th June, 1997

G.S.R. 262.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the integrated Fisheries Project (Class III) Recruitment Rules, 1973 namely :—

1. (1) These rules may be called the Integrated Fisheries Project (Class III) Recruitment (Amendment) Rules, 1997.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Integrated Fisheries Project (Class III) Recruitment Rules, 1973,—

(i) for the brackets, word and figure "(Class III)", the brackets, word and letter "(Group 'C')" shall be substituted;

(ii) in the Schedule against serial number 16 relating to the post of Junior Stenographer, in column 2, for the existing entries, the following entries shall be substituted, namely :—

"5 (1997)*

*Subject to variation dependent on workload.";

(iii) in the Schedule, after serial number 16 relating to the post of Junior Stenographer and the entries relating thereto, the following serial number and entries shall be inserted, namely :—

SCHEDULE

Name of the post	Number of posts	Classification	Scale of pay (Rs.)	Whether Selection or non-selection post	Age limit for direct recruits	Whether benefit of added years of service admissible
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
"16-A Stenographer Grade-II	1* (1997) *Subject to variation dependent on workload.	General Central Service, Group 'C' Non-Gazetted, Ministerial.	Rs. 1400-40-1600-50-2300-EB-60-2600.	Non-selection	Not applicable.	No

Educational and other qualifications required for direct recruits	Whether age and Educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in case of promotees	Period of probation if any	Method of recruitment whether by direct Reecruitment or by promotion or by Deputation/Transfer and percentage of the vacancies to be filled by various methods	In case of Recruitment by Promotion/Deputation/Transfer, grades from which Promotion/ Deputation/Transfer to be made
(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
Not applicable	Not applicable	Not applicable	By Promotion	Promotion : Junior Stenographer with five years' regular service in the grade.

If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition	Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment
(13)	(14)
Group 'C' Departmental Promotion Committee : 1. Director, Integrated Fisheries Project, who is the appointing authority -- Chairman. 2. Deputy Director (Experimental Fishing), Integrated Fisheries Project, Kochi—Member. 3. Senior Administrative Officer Central Institute of Fisheries, Nautical and Engineering Training, Kochi—Member. 4. Accounts Officer, Integrated Fisheries Project, Kochi—Member. 5. A Scheduled Caste/Scheduled Tribe Officer of Group 'A', status of Integrated Fisheries Project, Kochi—Member.	Not applicable."

[No. F.5-11/96-Fy. (Admn.)].
K. P. MALHOTRA, Under Secy.

Note : The Principal rules were published in the Gazette of India vide number GSR 446 dated 28-4-1973.

MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

CORRIGENDUM

New Delhi, the 21st May, 1997

G.S.R. 263.—Reference this Ministry's Notification No. A-12018/2/91RR/ME(UG) Desk dated 21-2-97. In Column No. 8 of the Schedule to the notification cited above, the words, "with Bio-Chemistry" have been inadvertantly left out (in the English version only). The words, "with Bio-Chemistry" may be added between the words, "in Chemistry" and "as a special subject", appearing under Column No. 8 of the Schedule under item (i) of Essential Qualification.

[F. No. A. 12018/2/91-RR/ME(UG) Desk]
R. RAMAMURTHY, Desk Officer.

शहरी कार्य एवं रोजगार मंत्रालय

(केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग)

नई दिल्ली, 18 जून, 1997

सा. का. नि. 264.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा, वर्ग 2 भर्ती नियम, 1954 को, उन बातों के सिवाय अधिक्रान्त करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण में पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में सहायक इंजीनियर (सिविल) के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ : (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, केन्द्रीय इंजीनियरी समूह ख सेवा भर्ती नियम, 1997 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

7. पद संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान :—उक्त पद की संख्या, उनका वर्गीकरण और उनका वेतनमान वह होगा जो इन नियमों से प्राप्त अनुसूची के स्तम्भ 2 के स्तम्भ 4 में विनिर्दिष्ट हैं।

8. भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, शैक्षिक अर्हता आदि :—उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बात वे होंगी जो अनुसूची के स्तम्भ 5 से स्तम्भ 14 में विनिर्दिष्ट है ।

9. निरर्हता :—वह व्यक्ति—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिये अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. शिथिल करने की शक्ति :—जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिये जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. व्यावृत्ति :—इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिये उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिये आयु सीमा	सेवा में जोड़े गये वर्षों का फायदा अनुज्ञेय है या नहीं
1	2	3	4	5	6	7
सहायक इंजीनियर (सिविल)	1768 (1997) कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण सिविल सेवा, समूह ख, राजपत्रित अननुसचवीय	2000-60-2300-ब.रो.-75-3200-100-3500रु.	चयन	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

सीधे भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिये अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	सीधे भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिये विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि यदि कोई हो
8	9	10
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	दो वर्ष

भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/हस्तान्तरण किया जायेगा
(11)	(12)
प्रोन्नति	प्रोन्नति : (1) पचास प्रतिशत, ऐसे कनिष्ठ इंजीनियर (सिविल) में से जिन्होंने उस श्रेणी में आठ वर्ष नियमित सेवा की है, और (2) पचास प्रतिशत केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के प्रशिक्षण संस्थान या केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा सम्यक् रूप से मान्यता प्राप्त किसी अन्य संस्था द्वारा संचालित सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा जो ऐसे कनिष्ठ इंजीनियर (सिविल) के लिये खुला हो और जिन्होंने उस श्रेणी में चार वर्ष नियमित सेवा की है।

यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जायेगा
(13)	(14)
समूह 'ख' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के लिये) 1. अपर महानिदेशक, संकर्म, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग—अध्यक्ष 2. मुख्य इंजीनियर, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग —सदस्य 3. निदेशक/उप सचिव, शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय—सदस्य 4. प्रशासन का निदेशक, संकर्म महानिदेशालय, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग—सदस्य	संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक नहीं है

[सं. 30/2/93 ई सी-I/ई डब्ल्यू-I]
एस. के. भटनागर, अवर सचिव

MINISTRY OF URBAN AFFAIRS AND EMPLOYMENT

(Central Public Works Department)

New Delhi, the 18th June, 1997

G.S.R. 264.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in supersession of the Central Engineering Service, Class II Recruitment Rules, 1954, except as respect things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Assistant Engineer (Civil) in the Ministry of Urban Affairs and Employment, Central Public Works Department, namely :—

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Ministry of Urban Affairs and Employment and Central Public Works Department, Central Engineering Group 'B' Service Recruitment Rules, 1997.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Number of post, classification and scale of pay :—

The number of post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule annexed to these rules.

3. Method of recruitment, age limit, educational qualifications etc .—

The method of recruitment, age limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in columns 5 to 14 of the said Schedule.

4. Disqualification—no person—

(i) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(ii) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post :

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for doing so, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient to do so, it may by order for reasons to be recorded in

writing and in consultation with the Union Public Service Commission relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. Saving.—Nothing in these rules shall affect reservations, relaxations of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, the ex-serviceman and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEUDLE

Name of Post	Number of Post	Classification	Scale of pay (Rs.)	Whether Selection or Non-Selection post
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
Assistant Engineers (Civil)	1768* (1997) *Subject to variation dependent on work.	General Civil Service Group 'B' Gazetted Non-Ministerial.	2000-60-2300-EB-75-3200-100-3500.	Selection

Age limit for direct recruits	Whether benefit of added years of service admissible	Educational & other qualification required for direct recruits	Whether age & edu. qual. prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	Period of Probation, if any
(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
Not applicable	Not applicable	Not applicable	Not applicable	Two years

Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/transfer and percentage of vacancies to be filled by various methods	In case of recruitment by promotion/deputation/transfer grades from which promotion/deputation/transfer to be made	If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition	Circumstances in which Union Public Service Commission to be consulted in making recruitment
(11)	(12)	(13)	(14)
Promotion	Promotion : (i) Fifty per cent from Junior Engineers (Civil) with eight years regular service in the grade and (ii) Fifty per cent by limited departmental competitive examination to be conducted by the Central Public Works Department Training Institute or any other Institution duly recognised by the Central Government or State Government open to to Junior Engineer (Civil) with four years regular service in the grade.	Group 'B' Departmental Promotion Committee (for promotion) : 1. Additional Director General of Works, Central Public Works Department—Chairman. 2. Chief Engineer, Central Public Works Department—Member. 3. Director/Deputy Secretary Ministry of Urban Affairs and Employment—Member. 4. Director of Administration, Directorate General of Works, Central Public Works Department—Member	Consultation with Union Public Service Commission not necessary.

[No.30/2/93-EC. I/EW. I]
S. K. BHATNAGAR, Under Secy.

(शहरी विकास विभाग)

नई दिल्ली, 6 जून, 1997

सा.का.नि. 265.—केन्द्रीय सरकार, सफाई कर्मचारी नियोजन और शुष्क शौचालय सन्निर्माण (प्रति षेध) अधिनियम, 1993 (1993 का 46) की धारा 22 की उप-धारा (1) और (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् —

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :—

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम सफाई कर्मचारी नियोजन और शुष्क शौचालय सन्निर्माण (प्रतिषेध) (केन्द्रीय) अधिनियम, 1997 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं :—

इन नियमों में, जब तक सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो—

(क) ''अधिनियम'' से अभिप्रेत है सफाई कर्मचारी नियोजन और शुष्क शौचालय सन्निर्माण (प्रतिषेध) अधिनियम, 1993 (1993 का 46),

(ख) ''समिति'' से अभिप्रेत है धारा 13 की उपधारा (1) के अधीन गठित समिति,

(ग) ''सदस्य'' से अभिप्रेत है समिति का सदस्य और इसमें अध्यक्ष तथा सदस्य सचिव सम्मिलित है,

(घ) ''धारा'' से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा।

3. परियोजना समिति की संरचना :—

परियोजना समिति का गठन केन्द्रीय सरकार द्वारा धारा 13 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अधीन किया जाएगा और इसमें निम्नलिखित व्यक्ति होंगे, अर्थात् :—

(1) सलाहकार, केन्द्रीय लोक स्वास्थ्य पर्यावरण इंजीनियरी संगठन, शहरी विकास विभाग।	अध्यक्ष
(2) शहरी कार्य और नियोजन मंत्रालय (शहरी विकास विभाग) का भारत सरकार के उपसचिव से अनिम्न पंक्ति का एक प्रतिनिधि।	सदस्य
(3) कल्याण मंत्रालय का भारत सरकार के उपसचिव की पंक्ति से अनिम्न कोई एक अधिकारी जो उस मंत्रालय में सरकार के सचिव द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगा।	सदस्य
(4) राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरी अनुसंधान संस्थान, नागपुर का उप निदेशक की पंक्ति से निम्न एक अधिकारी जिसे संस्थान के निदेशक द्वारा नाम-निर्दिष्ट किया जाएगा।	सदस्य
(5) हुडको का कार्यपालक निदेशक/प्रमुख (परियोजना) से पंक्ति में अनिम्न कोई अधिकारी जिसे हुडको के अध्यक्ष और प्रबन्ध निदेशक द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगा।	सदस्य
(6) केन्द्रीय लोक स्वास्थ्य पर्यावरण इंजीनियरी संगठन, शहरी विकास विभाग में कम लागत सफाई का प्रभारी उपसलाहकार।	सदस्य सचिव

4. मानीटरन समिति की संरचना:—

मानीटरन समिति का गठन केन्द्रीय सरकार द्वारा धारा 13 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन किया जाएगा ओर इसमें निम्नलिखित व्यक्ति होंगे :—

(i) सलाहकार केन्द्रीय लोक स्वास्थ्य पर्यावरण इंजीनियरी संगठन शहरी विकास विभाग।	अध्यक्ष
(ii) शहरी कार्य और नियोजन मंत्रालय (शहरी विकास विभाग) का भारत सरकार के उपसचिव से अनिम्न पंक्ति का एक प्रतिनिधि।	सदस्य
(iii) कल्याण मंत्रालय का भारत सरकार के उपसचिव की पंक्ति से अनिम्न कोई एक अधिकारी जो उस मंत्रालय में सरकार के सचिव द्वारा नाम-निर्दिष्ट किया जाएगा।	सदस्य
(iv) राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरी अनुसंधान संस्थान नागपुर का उपनिदेशक की पंक्ति से अनिम्न एक अधिकारी जिसे संस्थान के निदेशक द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगा।	सदस्य
(v) हुडको का कार्यपालक निदेशक प्रमुख (परियोजना) से पंक्ति में अनिम्न कोई अधिकारी जिसे हुडको के अध्यक्ष और प्रबन्ध निदेशक द्वारा नाम-निर्दिष्ट किया जाएगा।	सदस्य
(vi) केन्द्रीय लोक स्वास्थ्य पर्यावरण इंजीनियरी संगठन शहरी विकास विभाग में कम लागत सफाई का प्रभारी उपसलाहकार।	सदस्य सचिव

5. परियोजना समिति के कृत्य और शक्तियां :—

परियोजना समिति :

(क) राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा बनाई गई स्कीमों का ऐसी स्कीमों की आर्थिक व्यवहार्यता का निर्धारण करने की दृष्टि से तकनीकी निर्धारण करेगी और स्थलाकृति, निवासियों की प्रथाओं, सामग्री की उपलभ्यता तथा अन्य संबंधित पक्षों को ध्यान में रखते हुए ऐसे उपान्तरणों की सिफारिश करेगी जिनके परिणामस्वरूप लागत में कटौती हो और उसके अन्तर्गत अधिक क्षेत्र का विस्तार;

(ख) अपने द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट केन्द्रीय सरकारी के शहरी विकास विभाग के समक्ष प्रत्येक वर्ष 30 जून और 31 दिसम्बर तक प्रस्तुत करेगी इसकी पहली रिपोर्ट वर्ष 1997 से आरम्भ होगी।

6. मानीटरन समिति के कृत्य और शक्तियां :—

मानीटरन समिति —

